दिनांक 05.09.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ आज महापौर देवेन्द्र यादव प्रातः 7 बजे सुन्दर नगर वार्ड केम्प–01 में पहुंचकर स्थानीय निवासियों से निगम द्वारा किये जा रहे कार्य जिसमें साफ–सफाई, पानी सप्लाई, स्ट्रीट लाईट, आदि से संबंधित जानकारी प्राप्त की, जोन आयुक्त को लोगों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने को कहा। प्रमुख रुप से मांगे वार्ड निवासी राजेश साहू द्वारा अपने घर के सेप्टिक पाईप लाईन को सीधे नाली में निकाल दिया गया है जिससे आम लोगों को परेशानी हो रही है उसका शीघ्र निराकरण करने को कहा। बैकुण्ठ नगर के पाईप लाईन जो कि क्षतिग्रस्त हो चुकी है उक्त पाईप लाईन के संधारण किये जाने, सोनिया देवी के घर पानी नहीं पहुंच रहा है पानी की लेवल का जांच करते हुए समस्या का निराकरण करने को कहे।

सागर साव के घर पानी निकासी, नवशाद बानो को निजी शौचालय बनाये जाने, राजेश किराना स्टोर्स वाली लाईन में नाली सफाई कैलाश चौक से लेकर देवांगन टेलर्स तक, युग निर्माण स्कुल के बगल रिक्त भूमि की सफाई, कैलाश चौक स्थित हेण्ड पम्प की जांच करते हुए बोरिंग में मोटर लगाने से संबंधित स्थानीय निवासियों की मांग को उपलब्ध संसाधनों द्वारा पूर्ण कर सूचित करने हेतु निर्देशित किया।

दौरे के दौरान वार्ड पार्षद रिन्कु राजेश, स्थानीय निवासी राजू चौहान, निर्मलेश, बजरंगी, निगम के जोन 03 के सभी अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहें।

जन सम्पर्क विभाग